सांड की आंख समझ वाली कमर्शियल फिल्मः भूमि

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने कहा है कि उनकी अगली फिल्म सांड की आंख समझदारी से लबरेज एक व्यावसायिक फिल्म है। भूमि ने कहा, यह एक व्यावसायिक फिल्म है जिसमें काफी सारी समझ है। मुझे लगता है कि जब कभी किसी फिल्म को दुनियाभर के फिल्म महोत्सवों में मान्यता दी जाती है और फिर दिवाली के मौके पर रिलीज होती है, तो यह एक उचित संतुलन बनाए रखता है और आपको ढेर सारा आत्मविश्वास देता है। स्टार के साथ चल रहे जियो मामी फिल्म फेस्टिवल के समापन के लिए इस फिल्म को चुना गया है और आगामी दिवाली सप्ताहांत में यह फिल्म रिलीज हो रही है। भूमि ने अपनी सह-कलाकार तापसी पन्नू संग फिल्म के एक प्रोमोशनल इवेंट में मीडिया से बात की। तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत की सबसे वयस्क शार्पशूटर प्रकाशी तोमर और चंद्रो तोमर की जिंदगी पर आधारित है, जिसे फिल्म में तापसी और भूमि ने निभाया है। फिल्म में इन दोनों अभिनेत्रियों के अलावा प्रकाश झा और विनीत कुमार सिंह भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अब हेरा फेरी 3 से अक्षय को रिप्लेस करने जा रहे हैं कार्तिक आर्यन?

बॉलिवुड के लेटेस्ट हार्टथ्रोब कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के सबसे डिमांडिंग ऐक्टर्स में से एक बन गए हैं। नॉन फिल्मी बैकग्राउंड होने के बाद भी वह डायरेक्टर्स और प्रड्यूसर्स की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

अब ऐसा लग रहा है कि वह इन दिनों हिट फिल्मों के सीक्वल्स के लिए भी सबसे बेस्ट ऑप्शन बन गए हैं। लड़कियों और बच्चों के फेवरिट कार्तिक ने पहले भूल भुलैया 2 साइन की जिसके पहले पार्ट में अक्षय कुमार नजर आए थे।

अब खबर है कि हेरा फेरी के तीसरे पार्ट में वह अक्षय वाला पार्ट प्ले कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अक्षय की जगह तो कार्तिक ले सकते हैं लेकिन परेश रावल और सुनील शेट्टी पहले की तरह अपने-अपने किरदारों में दिखेंगे।

वर्क फ्रंट की बात करें तो कार्तिक अब पति पत्नी और वो में अनन्या पांडे और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे। वहीं, अक्षय की हाउसफुल 4 दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मनोरंजन की दुनिया में संयोग से आई, मेरा सपना आगे बढ़ते रहना है:हिना खान

अभिनेत्री हिना खान फिक्शन, रियलिटी टीवी शो, म्यूजिक वीडियो, फिल्में और वेब सीरीज, सब कुछ कर चुकी हैं. लेकिन शोबिज एक नियोजित कदम नहीं था.

वह कहती हैं कि मनोरंजन संयोग से हुआ और यह यात्रा अब तक अद्भुत रही है. वह अभी तक के सबसे बड़े टीवी धारावाहिकों में से एक ये रिश्ता क्या कहलाता है में काम कर चुकी हैं. फियर फैक्टर : खतरों के खिलाड़ी और बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में आकर उन्होंने फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया. इतना ही नहीं, उनकी फिल्म लाइन्स उन्हें इस साल प्रतिष्ठित कान फिल्म महोत्सव में ले गई.

हिना ने कहा, मैं एंटरटेनमेंट में संयोग से आई हूं और यह यात्रा अब तक अद्भुत रही है. मेरा सपना एक एक्टर के तौर पर बढ़ते रहना है. उनका सपना सच में पूरा होता दिखाई दे रहा है. एच.जी. वेल्स के उपन्यास द कंट्री ऑफ द ब्लाइंड पर आधारित एक भारतीय-अमेरिकी फिल्म साइन करके उन्होंने इंटरनेशनल मार्केट में अगला कदम रखा है. हिना ने कहा, मैंने अभिनेत्री बनने के बारे में कभी नहीं सोचा था और जब मेरा पहला शो आया, यह तब भी योजना का हिस्सा नहीं था. मैं फ्लो के साथ बहती चली गई और बाकी सभी को पता है.

बॉलीवुड में मौके के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, एक अभिनेत्री के तौर पर मुझे एक अच्छा मौका देकर देखें और मैं इसे स्वीकार कर लूंगी.

असफलता ने मुझे संतुलन सिखायाः मंजरी फडनिस

अभिनेत्री मंजरी फडनिस ने अपनी पेशेवर जिंदगी में उतार-चढ़ाव दोनों देखे हैं। उनका कहना है कि असफलता ने उन्हें कुछ महत्वपूर्ण सबक सिखाए हैं। मंजरी 2008 की हिट फिल्म जाने तू.. या जाने ना के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उन्होंने रोक सको तो रोक लो और मुंबई सालसा में भी काम किया है।

मंजरी ने बताया, असफलता ने मुझे संतुलन बनाए रखना सिखाया है। इसने मुझे बड़ी सफलता मिलने के समय में भी विनम्र रहना और वास्तवकिता में जीना सिखाया, जब बाकी सब कुछ सपने जैसा मालूम पड़ता था। कुछ भी हमेशा नहीं रहता न सफलता और न ही असफलता।

उन्होंने 2013 की फिल्म ग्रैंड मस्ती से फिर सफलता का स्वाद चखा। उन्होंने कहा कि ग्रैंड मस्ती के बाद उनकी पिछली हिट फिल्म किस किसको प्यार करूं (2015) थी, जो कई कलाकारों वाली फिल्म थी। मंजरी की लघु फिल्म खामखा ने फिल्फेयर अवॉर्ड भी जीता।

फिल्म बरोट हाउस की अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने जो भी प्रोजेक्ट किए हैं, उनमें से किसी को लेकर भी उन्हें कोई पछतावा नहीं है।